F.Y.B.A.(Sem-II) April-2023

Hindi Literature - I **Q.P. Code:00000040**

[समय : ३ घंटे] **[कुल अंक : १००]**

कृपया जांचें कि आपको सही प्रश्न पत्र मिला है या नहीं।

सूचनाए: **१. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

२. दायीं ओर के अंक पूर्ण अंक दर्शाते हैं।

3. उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक और उपक्रमांक अवश्य लिखे |

प्रश्न १. **निम्नलिखित अवतरणों की सन्दर्भ-सहित व्याख्या कीजिए।** २४

(क) "जो लोग बाहर से विशुद्ध खद्दरधारी होते है वे भी विदेशी रेशम के थान खरीदकर रखते है, इसी से तो देश की उन्नति नही होती - तब मैं बड़े कष्ट से हँसी रोक सकी।"

अथवा

कविता तुम्हारे सुने दिलों मे संगीत भरती है, स्त्री भी तुम्हारे ऊबे हुए मन को बहलाती है। पुरुष जब जीवन की सूखी चट्टानों पर चढ़ता - चढ़ता थक जाता है तब सोचता है चलो थोड़ा मन बहलाव ही कर लें।

(ख) "मनुष्य की अंतरात्मा केवल उसी बात को अनुचित समझती है, जिसको समाज अनुचित समझता है। इसलिए यह निश्चय पुर्वक कहा जा सकता है कि अंतरात्मा समाज द्वारा निर्मित है। मनुष्य के हृदय में समाज के नियमो के प्रति अंधविश्वास और पुर्ण श्रद्धा को ही अंतरात्मा कहते है। समाज से पृथक उसका कोई आस्तित्व नहीं है।"

अथवा

"संसार में पाप कुछ भी नहीं है, यह केवल मनुष्य के दृष्टिकोण का दूसरा नाम है।"

प्रश्न २. **निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर लिखिए |** ३०

(ग) 'जीप पर सवार इल्लियाँ' नामक व्यंग्य की संवेदना को स्पष्ट कीजिए |

अथवा

'नया देश, नयी जमीन, नये क्षितिज, नये आसमान' आत्मकथ्य का सारांश लिखिए |

(घ) 'चित्रलेखा' उपन्यास में 'बीजगुप्त' द्वारा किये गये त्याग पर प्रकाश डालिए |

अथवा

'चित्रलेखा' का चरित्र चित्रण कीजिए |

प्रश्न ३. **निम्लिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए |** १५

(च) 'तूफान के विजेता' रिपोर्ताज का केंद्रीय भाव स्पष्ट कीजिए |

अथवा

'चित्रलेखा' उपन्यास की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए |

प्रश्न ४. **निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए |** १६

(ज) 'आचरण की सभ्यता' का निराला देश |

अथवा

'अस्थियों के अक्षर' संस्मरण का सारांश |

(झ) 'चित्रलेखा' उपन्यास का बीजगुप्त

अथवा

'चित्रलेखा' के चित्त की अस्थिरता |

प्रश्न ५. **निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर एक वाक्य में लिखिए |** १५

१. चीनी फेरीवाला पाकेट में छुपाकर क्या लाया था?
२. 'भोर का तारा' एकांकी के लेखक कौन है?
३. आचरण की सभ्यतामयी भाषा सदैव कैसी रहती है?
४. पाली भाषा में पिता को क्या कहा जाता है?
५. 'जीप पर सवार इल्लियाँ' व्यंग्य में अखवारों में किन बातो को लेकर शोर हो रहा था?
६. 'तूफान के विजेता' रिपोर्ताज में जेल में कौन है?
७. 'नया देश, नयी जमीन, नये क्षितिज, नये आसमान' में कहाँ का चित्रण है?
८. 'भोर का तारा' एकांकी एकांकी में कौनसा साम्राज्य खतरे में है?
९. श्वेतांक और विशालदेव कौन है?
१०. चित्रलेखा किसे अपना छोटा भाई कहती थी?
११. बीजगुप्त और यशोधरा कहाँ की यात्रा पर गए?
१२. श्वेतांक किससे विवाह करना चाहता था?
१३. महाप्रभु रत्नांबर का पहला निवास स्थान कौनसा था?
१४. चित्रलेखा किस उम्र में विधवा हो गयी थी?
१५. बीजगुप्त और चित्रलेखा किस रूप में राज्य से निकलते है?